।। प्रेस नोट ।।
पुलिस उपायुक्त जोधपुर, पश्चिम

❖

@dcpwestjodhpr Dcp Jodhpur West 8764519202

दिनांकः— 31.03.2024

➢ **श्रीमान राजेन्द्रसिंह पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशन एवं राजेश कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम के सुपरविजन मे जिला जोधपुर पश्चिम के पुलिस थाना चौहाबोर्ड मे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मध्यनजर रखते हुए थाना क्षेत्र मे रूट मार्च किया गया एवं जनसहभागिता मीटींग ली गई ।**

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर रखते हुए पुलिस आयुक्त जोधपुर श्रीमान राजेन्द्र सिंह व पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम श्री राजेश कुमार यादव के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव मे निर्भय होकर मतदान करने का संदेश देने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त श्री अनिल कुमार वृत्त प्रतापनगर के नेतृत्व मे पुलिस थाना चौहाबोर्ड थानाधिकारी नितिन दवे निपु मय स्टॉफ एवं अर्द्धसैनिक बल के जवानो साथ चौहाबोर्ड थाना क्षेत्र मे रूट मार्च निकालकर लोगो से अपील की गई की शांतिपूर्वक एवं निर्भय होकर अपने मत का प्रयोग करे यदि कोई मत देने लिए प्रलोभन या किसी प्रकार की धमकी देता है तो शीघ्र ही पुलिस को सुचित करे व आपसी भाईचारा रखने,कानून व्यवस्था मे पुलिस का सहयोग करने का सदेंश दिया गया । एवं सहायक पुलिस आयुक्त श्री अनिल कुमार वृत्त प्रतापनगर द्वारा चौहाबोर्ड थाना क्षेत्र मे बीट व्यवस्था के सुदृढीकरण एवं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर रखते जनसहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे उपस्थित आमजन व मौजिज लोगो से समस्याओ के बारे मे पुछा गया सभी ने अपनी—अपनी राय व्यक्त कि जिस पर प्रभावी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया । बीट क्षेत्र मे उपस्थित लोगो को ज्यादा से ज्यादा किरायेदारो का चरित्र सत्यापन करवाने,आमजन को सीसीटीवी कैमरे लगवाने, व साईबर अपराध के बारे मे जानकारी दी गई एवं आगामी लोकसभा चुनाव मे शांतिपूर्वक एवं निर्भय होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई ।